डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 06 2080 | सीहोर, दिन मंगलवार,दिनांक 11 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

बीयू छात्रा ने लगाई फांसी, फोन बंद, साइबर जांच कराएगी पुलिस

भोपाल। बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय की बी फार्मा 21 वर्षीय छात्रा वैष्णवी ने रातापानी अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में फांसी लगाकर जान दे दी। फ्लैट में चार सहेलियां रहती थीं, सबके कमरे अलग थे। वैष्णवी का मोबाइल बंद मिला, जिसे और कर साइबर जांच के लिए भेजा जाएगा। परिजनों की इजाजत के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सहेलियों और परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। वैष्णवी बागसेवनिया के नालंदा नगर में किराए से रहती थी। पिता जिलोक खंडवा में किसानी करते हैं। छोटी बहन राजस्थान में पढ़ती है। गांव पर एक महिला पहुंची, जिन्होंने खुद को अयोध्या नगर निवासी और वैष्णवी की दादी बताया। पुलिस ने परिजनों से पहचान कराई। जांच अधिकारी एसआई गोकुल प्रसाद के अनुसार बयान और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

हाउसिंग बोर्ड में नियमों की अनदेखी का आरोप

भोपाल।हाउसिंग बोर्ड में सब इंजीनियरों को नियम विरुद्ध ईई (एक्जीक्यूटिव इंजीनियर) का पदभार दिया जा रहा है, जबकि एई (असिस्टेंट इंजीनियर) पद खाली हैं। नियमों के अनुसार केवल अगले पद का ही उच्च पदभार दिया जा सकता है। 33 एई में से कई प्रोबेशन पर हैं, वहीं 93 सब इंजीनियर कार्यरत हैं। अधिकारियों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से चार्ज दिए जा रहे हैं, जबकि कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगाए हैं।

विधायक पर आरोप लगाने वाली डीईएफओ पति का तबादला

भोपाल। वन विभाग ने सात डीईएफएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें बालाघाट की डीएफओ नेहा श्रीवास्तव और उनके पति अमर गुप्ता भी शामिल हैं। नेहा ने कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था, जो जांच में गलत पाया गया। अब उन्हें राज्य लघु वनोपज संघ भेजा गया है। अमर गुप्ता पर की सदिग्ध मौत के मामले में विवादों में थे, उन्हें मुख्य वनपाल प्रशुल्क कार्यालय सदस्य किया गया है।

नीट फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र घोटालारू डॉक्टर हिरासत में

भोपाल।नीट यूजी काउंसलिंग में फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने वाले सॉल्वर को दिल्ली से हिरासत में लिया गया है। उसके पास से कई फर्जी कॉपीज और मुहरें मिली हैं। पुलिस जांच में पता चला कि एक फर्जी प्रमाण पत्र 25 लाख रुपए में बनाया जा रहा था। मुंबई की छात्रा क्रिस्टल डी सोरटा ने 15 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। गिरोह के तार बिहार से जुड़े हैं, जहां छह खातों में रकम भेजी गई। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

लाड़लियों को हर महीने 1500 कल से

भोपाल। लाड़ली बहना योजना से जुड़ी महिलाओं को हर महीने 250 रुपए की बढ़ी हुई राशि अब 12 नवंबर से दी जाएगी। यानी अब उन्हें हर महीने 1500 रुपए मिलेंगे। मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। अब तक बहनों को हर माह 1250 रुपए दिए जाते थे।

कैबिनेट की बैठक | हर माह 1250 मिलते थे, 250 रु. बढ़ोतरी के मसौदे को मिली मंजूरी

1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को इसी महीने से 1500 रुपए मिलेंगे

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने वादे के मुताबिक 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना योजना में बढ़ोतरी की सौगात दी है। अभी तक लाड़ली बहनों को 1250 रुपए मासिक मिलते थे, किंतु इसी महीने से 250 रुपए बढ़ोतरी के अब 1500 रुपए मिलना शुरू हो जाएंगे। गुरु कैबिनेट की बैठक में 250 रुपए बढ़ोतरी के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इस पर इस वर्ष से करीब 20,450 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च करेगी। गुरु कैबिनेट की बैठक सोमवार को मंत्रालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की।

बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि 1250 रुपए में वृद्धि कर 1500 रुपए किए जाने की स्वीकृति दी गई। लाड़ली बहनों को मार्च 2023 से 1000 रुपए मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ योजना शुरू की गई थी। सितंबर 2023 से इसे बढ़ाकर 1,250 रुपए कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने भाई दूज से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। इस योजना में 250 रुपए की वृद्धि किए जाने पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,199 करोड़ 75 लाख रुपए के अतिरिक्त बजट की जरूरत होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 20,450 करोड़ 99 लाख रुपए का संभावित व्यय होगा।

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कैबिनेट मंत्री

मुख्यमंत्री ने भाई दूज से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए करने का किया था वादा

उद्योग एवं आर्थिक स्वावलंबन विभाग की मंत्री श्रीमती राजश्री सोनी ने विधान सभा में बताया कि मुख्यमंत्री ने भाई दूज पर 11 नवंबर को उत्सव संगम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सहभागिता करेंगे।

सांस्कृतिक प्रस्तुति

मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से श्रीमंत गुरु गजानन्दगिरि बैरागी पद्मश्री एवं लहू की ओर से अनुराग का बीजेके से एक नव गुरु प्रस्तुति भी होगी। यह प्रस्तुति दर्शकों को मध्य की प्राचीन सभ्यता, संगीत, प्रेम और प्रकृति की लय से जोड़ती है। इस नृत्यनाट्य की पुष्कल बीजेके की पुस्तकों से लेती है, जहां मानव सभ्यता की प्रथम ध्वनि पेंचाई देती है। आगे अनुराधी के गीतों की भूमिका, गोंडी के सुरों की शक्ति और विश्वास की पवित्र पूर्ति से

मोहन कैबिनेट आज केवड़िया गुजरात में रहेगी

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया गुजरात में 1 से 15 नवंबर तक भारत पर्व का आयोजन चुका हुआ है। यह आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशिष्ट आतिथ्य में भारत पर्व 2025 के तहत मंगलवार 11 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में मध्य दिवस ध्वजोत्सव के साथ मनाया जाएगा। इसमें मप्र से कैबिनेट के सभी सदस्यों को पहुंचने का आवाह किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में सभी मंत्रियों से इस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य

स्टूडियो किचन में मध्यप्रदेश का स्वाद

नव पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसीसी) की ओर से केवड़िया में स्टूडियो किचन की विशेष प्रस्तुति दी जा रही है, जिसमें प्रदेश के पारंपरिक और प्रादेशिक व्यंजन लाइव तैयार कर परोसे जाएंगे। यह प्रस्तुति सलेक्ट्स ऑफ द हार्ट ऑफ इंडिया की थीम पर आयोजित है।

लिव इन पार्टनर के साथ रह रही मॉडल की भोपाल आते समय मौत

मॉडल खुशबू गर्भवती थी, बच्चेदानी की नली फटी थी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल की मॉडल खुशबू वर्मा (27) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रोर्ट पीएम रिपोर्ट में बताया गया खुलासा हुआ है। मॉडल गर्भवती थी। उसकी फैलोपियन ट्यूब (गर्भाशय नली) फटकर हो गई थी। यानी बच्चेदानी की नली फटी थी। प्रेग्नेंसी कॉम्प्लिकेशन के चलते मौत होने की पुष्टि हुई है।

इस मामले में मॉडल का बॉयफ्रेंड कासिम पुलिस की हिरासत में है और उससे पूछताछ जारी है। कासिम और मॉडल खुशबू ढेढ़ साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे। कासिम ने पुलिस के सामने खुद को निर्दोष बताया है। उसके खिलाफ शव उसकी का एक केस लंबेरी में दर्ज है।

कासिम मूल रूप से उज्जैन का रहने वाला है। खुशबू को परिजन से मिलाने उज्जैन ले गया था। वहां से लौटते समय बस में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल के करीब बस एकाएक कासिम ही मॉडल को जीटी रिक्शा से अस्पताल ले गया। जहां उसकी मौत हो गई।

गर्भ में मेरा ही बच्चा था

कासिम बोला- खुशबू के गर्भ में मेरा ही बच्चा था

कासिम ने पुलिस को बताया कि खुशबू के गर्भ में मेरा ही बच्चा था। हम दोनों एक-दूसरे को दो साल से जानते थे। हमारी मुलाकात एक लड़की ने हुई थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर बात होने लगी। 16 महीने पहले दोनों ने एक-दूसरे से प्यार का इजहार किया और लिव इन में रहने लगे।

बॉयफ्रेंड ने कहा- खुशबू के साथ मारपीट नहीं की

जल्द ही दोनों शादी करने वाले थे। हाल ही में हमने इसकी जानकारी परिजन को दी थी। मैंने ही खुशबू की मां को यह बात बताई थी। मैंने खुशबू के साथ मारपीट नहीं की। कभी उसके साथ किसी तरह का गलत बर्ताव नहीं किया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि सभी एंगल पर मामले की जांच की जा रही है।

शाम से हवाओं में ठंडक, देर रात कोहरा छाया, चार दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

एक डिग्री बढ़ा पारा फिर भी शीतलहर का असर जारी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी में सोमवार को भी तीखी सर्दी का असर बरकरार रहा। दिन में धूप खिली, हवाओं की गति कुछ कम होते ही पारा एक डिग्री बढ़ गया। इसके बावजूद तीव्र शीतलहर का असर बरकरार रहा है। शहर में शाम होते ही तेज सर्द हवाओं और ठंडक का असर शुरू हो रहा है। सोमवार को देर शाम राजधानी की सड़कों और आसपास सात 12 बजे के बाद कोहरा छा गया। मौसम केंद्र के अनुसार अभी कोहरे का असर बढ़ेगा। धूप खिलने से अभी राजधानी में उत्तर पश्चिम सर्द हवाएं चलेंगी, लेकिन रात में तेज सर्दी बरकरार रहेगी। यह क्रम दो दिन से तीन चलने की उम्मीद है। हवाएं धीमी हुई तो

दिन-रात का पारा बढ़ा

रोलकर को दिन और रात के तापमान में दशमलव ४ डिग्री तक की बढ़त रही है दिन में सुबह के समय बर्फीली हवाओं का असर अधिक रहा, जो धूप खिलने के साथ धीरे धीरे कम होता गया। शाम 5 बजे से फिर से सर्द हवाएं लोगों को सताने लगी, जिससे देर रात कड़ाके की सर्दी के साथ कोहरा छाया रहा। मौसम विशेषज्ञ एके हुस्सा के अनुसार इस बार सर्दी हवाओं का असर कम हुआ है। हवाओं की गति कुछ कम होने और धूप खिलने से तापमान में मामूली बदलाव हो सकता है। पारे में उतार-चढ़ाव इसी कारण अगले तीन से चार दिन बने रहने की उम्मीद है।

बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री, बीजेपी प्रदेशसंगठन से करीब दो घंटे तक लंबी चर्चा की

बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद ही एमपी में राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरू हो सकता है। बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सोमवार को दिन भर एमपी बीजेपी के संगठन और सरकार से जुड़े मसलों पर विचारों के साथ मंथन किया।

बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद

शर्मा के साथ करीब दो घंटे तक लंबी चर्चा की। बिहार चुनाव परिणाम के बाद राजनीतिक नियुक्तियों पर नेतृत्व स्तर पर चर्चा हुई है। बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से राजनीतिक नियुक्तियां शुरू करने की तैयारी चल रही है। इस बैठक में इस बात पर चर्चा हुई है कि लोकसभा चुनाव के दौरान चार्टर्ड में शामिल हुए दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं को कहां किस स्तर पर एडजस्ट किया जा सकता है।

सीआईआर में लगे दो बीएलओ ने फॉर्म लिए, बांटे नहीं, होंगे सस्पेंड

डीआर संवाददाता।। भोपाल

वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में लापरवाह 2 बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भेजा गया है। इनमें से एक बीएलओ ने मैपिंग कार्ड और फॉर्म भी ले लिए, पर बिल्कुल भी सारे ही नहीं। इस वजह से बीएलओ के बूथ क्षेत्र में काम ही नहीं हुआ। इसी तरह दूसरे ने गणना पत्रक लेकर भी बांटना शुरू

नहीं किया। टीटी नगर तहसीलदार कुमार रावत के प्रस्ताव को एडीएम अनिल शर्मा ने कलेक्टर सिंह को भेजा है। एक प्रस्ताव में बताया गया कि सहायक बैज-3 संतोषकुमार तिवारी ने अब तक मैपिंग कार्ड व गणना पत्रक प्राप्त नहीं किए। वहीं, दूसरे प्रस्ताव में सहायक ग्रेड-3 सलाम सिंह राजपूत को कलेक्ट करने की अनुशंसा की गई। राजधानी 3 नवंबर को लापरवाह न जाने के लिए नोटिस दिया था। हिदायत देकर लापरवाह नहीं देख।

दिल्ली में ब्लास्ट के बाद महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ाई

डीआर संवाददाता।। भोपाल

दिल्ली में लाल किला मैदान के बाहर हुए कार में विस्फोट की घटना के बाद मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर समेत कई शहरों में पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उज्जैन में महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां बम और डॉग स्क्वॉड की टीम ने मंदिर के पास होटलों और लॉज के अलावा कस्बों की जांच की। इंदौर के राजवाड़ा में

पर नजर रखने और चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उज्जैन में महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां बम और डॉग स्क्वॉड की टीम ने मंदिर के पास होटलों और लॉज के अलावा कस्बों की जांच की। इंदौर के राजवाड़ा में बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम तैनात है। यहां सुराग सर्कल में चेकिंग में लोहार्ड की जांच की गई। 56 दुकान में भी पुलिस की टीम पहुंची।

भोपाल समेत सभी स्टेशनों पर भी जांच

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, इटारसी समेत सभी ब्रॉड गेज स्टेशनों पर जीआरपी पुलिस ने सर्चिंग की। डॉग स्क्वॉड की मदद से यात्रियों के सामान की जांच की गई।

मासूम का रेप-मर्डर , पत्थ से कुचलकर हत्या

भोपाल। यह 4 फरवरी 2013 की एक सर्द दोपहर थी। भोपाल में सर्दियों की विदाई का समय था, लेकिन शाम अभी भी सिहरन पैदा कर रही थी। सूरज ढलने के साथ ही ठंडी हवाएं जोर पकड़ने लगती थीं। ऐसी ही एक ठंडी शाम थी, शहर के सबसे पॉश और सुरक्षित माने जाने वाले इलाके टीटी नगर के पुलिस थाने की घंटी घनघनाई।

प्राथमिक लक्ष्य | प्रदेश के एक करोड़ हेक्टेयर रकबे को सिंचित बनाना हमारा लक्ष्य: मुख्यमंत्री

हरदा प्रदेश का पहला सिंचित जिला बनने की ओर अग्रसर

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के एक करोड़ हेक्टेयर कृषि रकबे को सिंचित बनाना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का हरदा जिला जल ही शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। हरदा जिले में शहीद इंताज सिंह माहजी उद्यान सिंचाई परियोजना प्रगति पर है। करीब 756.76 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना से हरदा जिले के 39 हजार 878 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी। इस परियोजना के पूरा होने पर

हरदा प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बन जाएगा। डॉ यादव सोमवार को मंत्रालय में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 268वी, नर्मदा नियंत्रण मंडल की 85वीं और नर्मदा बैरिंग प्रोजेक्टस लिमिटेड के नवमीन बोर्ड की 33वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। बैठक में नर्मदा घाटी प्राधिकरण एवं नर्मदा नियंत्रण मंडल द्वारा प्रस्तावित सभी परियोजना प्रस्तावों एवं उनके दो उपखंडों का अनुमोदन किया गया।

समीक्षा बैठक में मौजूद मुख्यमंत्री डॉ यादव

निर्माणाधीन परियोजनाओं की समय सीमा में न हो वृद्धि मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में निर्माणाधीन परियोजनाएं हर हाल में तय समय-सीमा में ही पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने नर्मदा बैरिंग प्रोजेक्टस कंपनी लिमिटेड द्वारा पूर्ण कराई जा रही परियोजनाओं के बारे में कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में विलंब अवश्यम्भावी की पूर्ति के लिए एडिशनल और इंटरनेशनल मेडिकल संस्थानों से उच्च स्तर का समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से जुड़े सभी प्रकार के निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।

बाल सृजन और कला का उत्सव 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025

डीआर संवाददाता।। भोपाल

विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्व रंग, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (रुक्ष) तथा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (जैन) के संयुक्त तत्वावधान में 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 16 नवम्बर 2025 (रविवार) को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर, में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होगी।

यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में कला, कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। प्रतिभागी बच्चों को चार श्रेणियों में

विभाजित किया गया है, जिसमें कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 7, कक्षा 8 से 9, तथा कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थी शामिल होंगे।

प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी पसंद के विषय पर रचनात्मक कलाकृतियाँ बना सकते हैं। वे स्केचिंग, मंडला आर्ट, नेचर पेंटिंग, सामाजिक विषयों पर चित्र, या किसी प्रेरणादायक संदेश पर आधारित कलाकृति तैयार कर सकते हैं। उल्लेख है कि बच्चे अपनी कल्पना शक्ति और रंगों के माध्यम से अपनी सोच को अभिव्यक्त करें।

प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को विश्व रंग के दौरान राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा संचालित विशेष आर्ट वर्कशॉप में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा तथा विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क है, इच्छुक प्रतिभा अपना नाम, कक्षा और विद्यालय का विवरण देकर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन विश्व रंग की वेबसाइट (वर्ल्डरंगडबल्यू) पर या नीचे दिए गए सम्पर्क नंबरों पर किया जा सकता है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष,06- 2082 | सीहोर,दिन मंगलवार,दिनांक 11 नवंम्बर 2025

न्यूज गैलरी

दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम

सीहोर। सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नगदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डन आवर के अंदर अस्पताल तक में लाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

हाउसिंग बोर्ड गेट पर लगता है जाम

सीहोर। हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की ओर आने-जाने वाले लोग खासे परेशान हो रहे हैं। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड रेलवे गेट पर आरसीसी बनाने वाली कंपनी ने यहां सही तरह से एप्रोच रोड नहीं बनाया है। जिसके कारण खराब रास्ते से वाहनों को निकालना पड़ता है। मिट्टी के लगे ढेर पर वाहनों के फंसने का डर बना रहता है। ऐसे में यहां बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

तारीख बढ़ाई, अब 20 तक जमा होंगे असाइनमेंट

सीहोर। यूके इंडिया गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (इग्नू) ने दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि को बिना से बढ़ा दिया है। छात्र अब 20 नवंबर तक असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। इसमें हार्ड और सॉफ्ट कॉपी दोनों जमा करना शामिल है। इग्नू की दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा 1 दिसंबर से शुरू होगी और अंतिम परीक्षा 14 जनवरी को होगी। छात्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने अध्ययन केंद्र या क्षेत्रीय केंद्र में असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। उन्हें असाइनमेंट पर अपनी संपर्क जानकारी, जिसमें कार्यक्रम कोड, पाठ्यक्रम कोड, नामांकन संख्या, ईमेल, फोन नंबर आदि शामिल हैं, देना आवश्यक है।

कोर्ट से फरार आरोपी 3 दिन बाद भी नहीं पकड़ा जा सका

बुधनी। पुलिस हिरासत से फरार हुए आरोपी को तीन दिन बीत जाने के बाद भी बुधनी पुलिस नहीं पकड़ पाई है। शुक्रवार को पेशी के दौरान अदालत परिसर से आरोपी रामसेवक लोहार (35 वर्ष), निवासी डोबी पुलिस की गिरफ्त से भाग गया था। जानकारी के अनुसार रामसेवक पर वर्ष 2020 में मारपीट का मामला दर्ज था और वह लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था। वारंटी के तौर पर उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था, लेकिन पेशी से पहले ही मौका पाकर वह फरार हो गया। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

इस माह जमा करना होगा जीवन प्रमाण-पत्र

सीहोर। हर पेंशनभोगी को साल में एक बार जीवन-प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में केवल हस्ताक्षर नहीं, बल्कि डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र या फेशियल ऑथेन्टीकेशन मोड, दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। आधार नंबर, बैंक खाता लिंकिंग, और अन्य

परेशानी किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही

भावांतर योजना में अव्यवस्था: एक ट्रॉली में दो पंजीयन पर विवाद, छोटे किसान परेशान

किसानों का कहना था कि मंडी प्रशासन छोटे किसानों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। एक वाहन है, साधन नहीं, अलग-अलग उपज कैसे करे?• किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही है।

डीआर संवाददाता•• सैकंदा

कृषि उपज मंडी सैकंदा में भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी में अव्यवस्था थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को एक ही ट्रॉली में अपनी-अपनी सोयाबीन लेकर पहुंचे दो भाइयों को पंजीयन संबंधी उलझन का सामना करना पड़ा। दोनों भाईयों का पंजीयन अलग-अलग था, लेकिन मंडी प्रशासन ने एक ही गेट पास बना दिया। प्रशासन ने नीलामी के लिए उपज को अलग-अलग

करने के निर्देश दिए, जबकि किसानों ने एक ही ट्रॉली में लाई गई उपज को एक साथ नीलाम करने की मांग की। साधन न होने और सुबह से लाइन में खड़े रहने के कारण किसान विरोध जताते रहे।

किसानों का कहना था कि मंडी प्रशासन छोटे किसानों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। एक वाहन है, साधन नहीं, अलग-अलग उपज कैसे करे?• किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही है।

वाहन फंसते रहे और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

राज्य कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार रात लगभग 300 किसानों के खुले आसमान के नीचे रात बिताने पड़ी। तक से तिड़पुल किसानों को न शौचालय की सुविधा थी और न ही बैठने की व्यवस्था।

मंडी में महंगी चाय-पानी, टोकन व्यवस्था पर सवाल

नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में दुकानदारों द्वारा 10 रुपये की चाय और 15 रुपये की छोटी पानी की बोतल सहित अन्य सामग्री महंगे दामों में बेचने पर किसानों ने आपत्ति जताई। टैंकर व टंकी के पानी में गंदगी मिली। टोकन वितरण में अव्यवस्था और सूचना पट्ट की अनुपस्थिति से किसान परेशान रहे। किसानों ने मांग करते हुए कहा नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में लौकअप, साफ पानी, बैठने और सुरक्षा सुविधाएँ, मंडी प्रांगण में किसानों की जगह की प्राथमिकता दें और टोकन वितरण और सूचना के लिए सूचना बोर्ड पोस्टर लगाए।

मिट्टी और कंकरों में वाहन फंसते रहे और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। टोकन वितरण और सूचना पट्ट की भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे किसानों में नाराजगी रही।

व्यापारी की कराह रोड में, किसान बाहर कार्रवाई महीन किसानों ने आरोप लगाया कि जहां प्रशासन उन्हें खुले में रखने को मजबूर कर रहा है, वहीं मंडी के रोड में व्यापारियों की कराह रखी हुई है और अधिकारियों द्वारा उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। हमें किसान खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है।

प्रशासन का आश्वासन अधूरा, किसानों को सुविधाएं नहीं मिलीं

बीते शुक्रवार को मावकजाम के बाद प्रशासन ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन सोमवार तक भी व्यवस्थाएँ नहीं सुधरीं। टेंट में व्यापारी और अधिकारी बैठे रहे, जबकि किसानों को अपने वाहनों पर बैठने को कहा गया। कई वाहन मिट्टी में फंसे, जिन्हें जेसीबी से निकालना पड़ा।

पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

डीआर संवाददाता•• रेहटी

पुलिस अधीक्षक सीहोर नीरज कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम ने पानी में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतका के अनुसार 22 अक्टूबर 2025 को रेहटी थाना क्षेत्र में सुनिता मेहरा पति पप्पू उर्फ राहुल मेहरा उम्र 31 वर्ष निवासी पंचवाना खान छोरीगांव जिला देवास ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। पोष्ट के दौरान सामने आया कि मृतिका को उसके पति पप्पू उर्फ राहुल मेहरा, सास सुमन बाई, ननद राजू बाई और पम्मी बाई द्वारा शादी के कुछ समय बाद से ही जमीन बेचने को लेकर लगातार परेशान किया जा रहा था। मानसिक तनाव से प्रभावित होकर मृतिका ने शासकीय अस्पताल परिसर रेहटी में सल्फास खाकर अपनी जान दे दी। नवमीत गवाहों मृतिका के जीजा लखनलाल मेहरा, राजेंद्र मेहरा, भाया रामसिंह मेहरा एवं भाइयों सुरेंद्र मेहरा व मुकेश मेहरा के कथनों के आधार पर पुलिस ने नामी क्र.55/25 भारं 194 बीएनएस से अपराध क्र. 59/25 धारा 108(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक राजेश कहारे के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक महेश मुर्वे द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी पप्पू उर्फ राहुल मेहरा पिता हरीरामसिंह मेहरा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पंचवाना थाना खातेगांव जिला देवास को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे, उप निरीक्षक महेश सिंह मुर्वे, प्रभार, जयनारायण, आर, विकास नागर,

उभरते खिलाड़ियों का अलग अलग प्रतियोगिताओं में चयन

डीआर संवाददाता•सीहोर

शहर के आवासीय क्रिकेट मैदान में संचालित दुबाने क्रिकेट अकादमी के उभरते खिलाड़ी दिव्यांश यादव का चयन राज्य स्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उनके इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए अकादमी के हेड कोच असद दुबाने ने बताया कि दिव्यांश लेफ्ट हैंड के उभरते तेज गेंदबाज हैं, उनका चयन पिछले दिनों विदिशा में

आयोजित हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बल पर हुआ है, उक्त प्रतियोगिता में दिव्यांश ने 3 ओवरों की गेंदबाजी में मात्र 3 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट प्राप्त किए थे। श्री दुबाने ने साथ ही बताया कि जल्द ही भोपाल में आयोजित हुई भोपाल संभाग की इंटर डिस्ट्रक्ट प्रतियोगिता के लिए अकादमी के लिए सेल रोहित साहोर, शनवर, अजयपाल कृष्णा बॉथम, पुनाराम जाटोन और विकेट कीपर बल्लेबाज के रूप में रोहित मौहान का चयन किया गया था। जिसमें भारी ही जिलाटाइयों ने जनाहनीय प्रदर्शन किया।

जिले में चरणबद्ध रूप से संचालित हो रही है एसआईआर प्रक्रिया

डीआर संवाददाता•सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर प्रक्रिया) संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों

मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और बीएलओ को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने तथा बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान सभी अधिकारी बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से मिल कर

एसआईआर प्रक्रिया के सुचा संबंधित के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने तथा बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान सभी अधिकारी बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से मिल कर आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है।

बर्फबारी के कारण बढ़ रही ठंड, विभाग ने शीत लहर अलर्ट किया जारी

डीआर संवाददाता•सीहोर

पहाड़ों में हो रही भारी बर्फबारी के कारण उत्तरी हवाओं का रुख सीधे मध्य प्रदेश की ओर हो गया है, जिसके चलते प्रदेश के कई जिले सहित सीहोर भी शीतलहर की चपेट में है। रविवार सोमवार की रात सीहोर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे तेज ठंड महसूस की गई।

मौसम विभाग ने सोमवार को भी सीहोर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है, जहां कड़ाके की ठंड जारी रहने की संभावना है। पिछले दो दिनों से सीहोर प्रभावित रहा है। आज सोमवार को भी मौसम विभाग ने जिले के लिए भी तेज ठंड अलर्ट जारी किया है।

तेज ठंड से बचाव के लिए

यह करें तथा और शीतलहर के प्रभाव से बचने तथा स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन बातों का ध्यान रखें शरीर को गर्म रखने के लिए ऊनी और गर्म कपड़े पहनें। सिर, कान, हाथ और पैर ढकने के लिए टोपी, मफलर,दस्ताने और गर्म मोजे जरूर पहनें। शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए सूप, साग, हल्दी वाला दूध जैसी गर्म पेय और भोजन का नियमित सेवन करें। घर के बच्चों, बुजुर्गों और बुजुर्गों को अतिरिक्त गर्म कपड़े पहनाए और सुनिश्चित करें कि वे ठंड के सीधे संपर्क में न आए। कमरे में हीटर या अंगीठी का उपयोग करते समय वेंटिलेशन सुनिश्चित करें, ताकि कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का जमाव न हो। सोने से पहले हीटर बंद कर दें। यदि संभव हो तो दिन में थोड़ी देर धूप में रहें, इससे शरीर को गर्माहट और विटामिन डी मिलेगा।

इन बातों का रखें ध्यान रू अगर बहुत जरूरी न हो तो शीतलहर के समय सुबह और देर रात की यात्रा करने से बचें। बंद जगह या कम हवादार कमरे में कोयले की अंगीठी या जलाव न जलाए।

इससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड जानलेवा हो सकती है। भीगे हुए कपड़े या जूते पहनने से बचें, क्योंकि इससे शरीर की गर्मी तेजी से कम होती है। शराब पीने से शरीर में गर्माहट का भ्रम जरूर महसूस होता है, लेकिन वास्तव में यह शरीर के तापमान को तेजी से कम कर देती है, जो खतरनाक हो सकता है। ठंडी सुबह या देर शाम जब ठंड चरम पर हो, तब बाहर कसरत या व्यायाम करने से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

बुधवार को भैरव अष्टमी पर फूलों से सजेगा कालभैरव का मंदिर

डीआर संवाददाता•सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित श्री भैरव मंदिर में भैरव अष्टमी पर बुधवार को जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह मंदिर परिसर में रंगीन फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा और उनके उपलक्ष राम को जल कल्याण के लिए हवन आदि के कार्यक्रम के पश्चात आरती और रात्रि रात को रो महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

शहर के छावनी स्थित कड़ा बाजार-चरखा लाइन स्थित मंदिर में श्रद्धालु बनारसीदास संजय सोनी और रामेश्वर सोनी के द्वारा रात पर साफ-सफाई के उपरांत छप्पन भोग आदि की तैयारियां की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्कार मंच के मनोज

दीक्षित नाना ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी काल भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर शहर कोतवाल बाबा काल भैरव के नाम से प्रसिद्ध मंदिर में मंगलवार के साथ महा आरती का आयोजन किया जाता है। लंबे समय से यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा भैरव अष्टमी पर भगवान को छप्पन भोग लगाने के उपलक्ष पंडाले में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाता है।उन्होंने बताया कि काल भैरव की पूजा करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता और बुरी शक्तियां दूर होती हैं। भगवान भैरव के बटुक भैरव, महाकाल भैरव और दण्डपाणिक भैरव प्रमुख रूप हैं। इनमें से भक्त बटुक भैरव की ही सर्वाधिक पूजा करते हैं। तंत्रशास्त्र में अष्ट भैरव का उल्लेख भी मिलता है-असितांग भैरव, रुरु भैरव, चंड भैरव, क्रोध भैरव, उन्मत्त भैरव, कपाल भैरव, भीषण भैरव और संहार भैरव।

सम्मान किया 2 शासकीय सेवकों का शॉल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति का अर्थ जीवन से सेवानिवृत्ति नहीं है , कलेक्टर

डीआर संवाददाता•• सीहोर

शासकीय सेवा से रिटायर होना जीवन से रिटायर होना नहीं है। सेवानिवृत्ति सक्रिय जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसमें व्यक्ति अपने अनुभवों और ज्ञान का उपयोग समाज व नई पीढ़ी के हित में कर सकता है। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शॉल्स वितरण एवं सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी शासन की अमूल्य पूंजी हैं। उनका अनुभव प्रशासन और समाज दोनों के लिए प्रेरणास्रोत है। कलेक्टर ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद भी व्यक्ति सामाजिक कार्य, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और सेवा कार्यों में सक्रिय रह सकता है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि गीता में लिखा है कि हमें कर्म करते रहना चाहिए, क्योंकि कर्म ही जीवन का सार है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके दीर्घ, सफल और अनुकरणीय सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दी और उनसे समाज हित के कार्यों में सक्रिय बने रहने का आग्रह किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के 42 सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और पौधरोपण प्रदान किया। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भावांतर योजना में 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल

डीआर संवाददाता•• सीहोर

भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 10 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया है कि यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट में लगातार 2 दिनों

से वृद्धि जारी रही। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जा हुआ था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए और 9 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष,06- 2082 | सीहोर,दिन मंगलवार,दिनांक 11 नवंबर 2025

न्यूज गैलरी

राजा ठाकुर बने करणी सेना संभाग के महासचिव

जावर। करणी सेना जिलाध्यक्ष से मयूख जीवन सिंह शेखपुर की अनुशंसा से राजा ठाकुर कुष्टिया नाथू सरपंच को भोपाल संभाग महासचिव करणी सेना के पद पर नियुक्त किया गया जीवन सिंह शेखपुर ने कहा सतत सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाने वाले कर्मठ निष्ठावान एवं उत्कृष्ट साथी कुं राजा ठाकुर कुष्टिया नाथू को करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग महासचिव के पद पर नियुक्त किए जाने पर बधाई दी।

वोटर आईडी वेरिफिकेशन के लिए घर-घर दस्तक

आष्टा। प्रदेश में वोटर आईडी वेरिफिकेशन का काम शुरू हो गया है। इसी के तहत आष्टा नगर में भी वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 18 हाथीखाना में शिविर की शुरुआत नगरपालिका प्रतिनिधि सायरिक मेवाड़ा की मौजूदगी में हुई। नगर के सभी वार्डों में बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं की टीम बनाई गई है। ये टीमें घर-घर जाकर मतदाता पहचान पत्र की जानकारी जुटा रही हैं। सायरिक मेवाड़ा ने नगरवासियों से अपील की कि वे टीम का सहयोग करें। सही जानकारी दें। जरूर जानकारी नहीं दी गई तो नाम वोटर लिस्ट से हट सकता है। मतदान से वंचित रह सकते हैं।उन्होंने कहा कि यह कार्य तय समय सीमा में पूरा करना है। लिंचे बढ़ने का इंतजार न करें। शिविर में सिटी मिशन मैनेजर महेन्द्र पंचलाल, सुमित मेहता, आसरा सुराना और स्थानीय सहकारी मौजूद रहे।

13 नवंबर को निकलेगी पदयात्रा

सीहोर। सांसद आलोक शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सरसार/150 महोत्सव के तहत भोपाल संसदीय क्षेत्र के सीहोर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाली पदयात्रा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद शर्मा ने पदयात्रा की तैयारियों व पदयात्रा के दौरान मार्ग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि इस पदयात्रा के दौरान सांस्कृतिक दलों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरु के, सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पदयात्रा की सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। इस पदयात्रा का शुभारंभ 13 नवंबर को 10 बजे सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर से होगा।

जनपद पंचायत कार्यालय में रोजगार मेला आज

आष्टा। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को प्रातः 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियाँ द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन ऑपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरटी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेल्स के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में

टीएल बैठक भावान्तर योजना के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी करें मंडियों का निरीक्षण: कलेक्टर

शिकायतें लापरवाही का संकेत, जनता की सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: कलेक्टर बाल.ागुरु

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत का अर्थ है कि संबंधित अधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह नहीं निभाई या अपने दायित्व में लापरवाही बरती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक अमला जनता की सेवा के लिए है, इसलिए जनता के साथ हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बात कलेक्टर बालागुरु के ने जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों से कही। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की और कलेक्टर बालागुरु के ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।

कलेक्टर बालागुरु के ने भावान्तर भुगतान योजना के प्रभावी एवं सरलतापूर्ण संचालन के लिये अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण करें और किसानों की शिकायतों का तात्कालिक समाधान का स्थल पर ही निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि किसानों का उपज के विक्रय के बाद जल्द भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। नीलामी प्रक्रिया के दौरान बोली को कृत्रिम रूप से नीचे आने से रोकने के लिये

नोडल अधिकारी और मंडी सचिव को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि मंडी की व्यवस्थाओं के साथ ही व्यापारियों के स्टॉक की जांच भी की जाये तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जावे। उन्होंने कहा कि भावान्तर भुगतान सभी पात्र किसानों को निःशुल्क सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही और पारदर्शी कार्यप्रणाली से ही किसानों का विश्वास मजबूत होगा और भावान्तर योजना का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुजीत सिंह यादव, डायरेक्टर कलेक्टर इंदावन सिंह, स्थायी कलेक्टर बबन राजपूत, रविन्द्र कुमार, एसडीएम लगान दर्रा, रवाति विश्वा, किन्नी कलेक्टर जमीन स्थान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

निर्माण कार्यों के दौरान अन्य विभागों की गतिविधियों को क्षति न पहुँचाएं कलेक्टर बालागुरु के ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान कई बार अन्य विभागों के निर्माण कार्य या उपलब्धियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे शासन का धन हानि होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह जनता के पैसे की बर्बादी है, जिसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने निर्माण कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतें ताकि किसी अन्य विभाग की संपत्ति या संरचना को कोई नुकसान न पहुँचे। उन्होंने कहा कि यदि किसी शासकीय अन्य विभाग की संपत्ति को क्षति पहुँचती है, तो उसकी तात्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि – जनता को असुविधा न हो। कलेक्टर ने यह भी कहा कि विभागों के बीच आपसी समन्वय और कार्य की पूर्व सूचना प्रणाली को मजबूत किया जाए, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से हो सकें और सरकारी संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

किसान करें फसल पैटर्न में बदलाव, जिलाधीश के लिये अपनाएं आधुनिक तकनीकें कलेक्टर बालागुरु के, ने कृषि, उद्यानिकी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल पैटर्न (क्रॉप पैटर्न) में आवश्यक बदलाव करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि जल संसाधन के साथ साथ किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। किसानों को सॉयल्यूर, ड्रिप जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे जल का समुचित उपयोग हो और सिंचाई की लागत में कमी आए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीक, भावान्तर योजना के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी करें मंडियों का निरीक्षण: कलेक्टर

नवरात्रि में मंदिर पर मछली फेंकने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

डीआर संवाददाता» सीहोर

29 सितंबर नवरात्रि के पवित्र त्योहार पर शहर के खेड़ापति तालाब स्थित ओलंद माता मंदिर में मछली फेंक कर हिन्दू समाज की आस्था को ठेस पहुँचा कर शांत शहर को बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। इस घटना को लेकर पुलिस एवं प्रशासन मौके पर पहुंचा था। मामले की पूरी सच्चाई को परखा जाए तक हिंदू धर्म के पवित्र नौरात्रि पर्व के दौरान इस प्रकार की घिनौनी हरकत करने वाले घटना में लिप्त व्यक्ति का पुलिस ने खुलासा नहीं किया जोर ना ही इस मामले में कोई गिरफ्तारी की है।

सूचना तंत्र पर लगे लिए सायल, साइबर सेल की मदद से करें खुलासा

इस दौरान जारी प्रेस नोट में कर्मचारी सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र खुलवाड़ा ने बताया की पुलिस का सूचना तंत्र मजबूत है पर इस मामले में क्यों अभी तक इस घटना करने वाले का खुलासा नहीं किया जा रहा है।

ने किया। ज्ञापन के इस प्रशासन को बताया गया कि नवरात्रि में हिंदू समाज के पवित्र नवरात्री पर्व के दौरान कमल श्रेवापति तालाब स्थित ओलंद माता मंदिर में किसी असामाजिक तत्व ने मरी हुई मछलियां फेंकी थी। इस घटना की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन मौके पर पहुंचा था। मामले की पूरी सच्चाई को परखा जाए तक हिंदू धर्म के पवित्र नौरात्रि पर्व के दौरान इस प्रकार की घिनौनी हरकत करने वाले घटना में लिप्त व्यक्ति का पुलिस ने खुलासा नहीं किया जोर ना ही इस मामले में कोई गिरफ्तारी की है।

मोबाइल लेने में युवक ने जीती इनाम स्कूटी

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर। शहर के सेंट्रल बैंक मेन रोड पर श्री शोडशम मोबाइल की शाप पर मोबाइल से मोबाइल लेने वाले ने इनाम में स्कूटी जीती है, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने इनामी ड्रा निकाला, ड्रा में प्रथम स्थान राजधानी निवासी को मिला इनामी कूपन में जिसका का नाम था, श्री राधे कृष्ण मोबाइल शाप के संचालक सुनील शर्मा से मोबाइल पर चर्चा की और इनाम हासिल करने की जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात मोबाइल दुकान के संचालक सुनील शर्मा ने नरेश भोपाल निवासी अनन सैन को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राय ने इनामी ड्रा निकाल कर प्रदान किया। ड्रा के समय बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

गिरिराज बाबा की झांकी सजाई, लगाया 56 भोग

डीआर संवाददाता» भैरूंदा

इस साल भी शहर के कलमी स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज के सहयोग से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रोतागण शामिल थे।

माहेश्वरी समाज अध्यक्ष लोरंग राठी महिला मंडल अध्यक्ष आशा खसरा ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज के द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई गई, इस मौके पर भजन कीर्तन भी महेश पंकिनल था। अन्नकूट की महिमा प्रकृति के प्रति आभार, धार्मिक महत्व और सामाजिक सामंजस्य में निहित है। यह भगवान श्रीकृष्ण की इंद्र पर विजय का प्रतीक है और इस पर्व को मनाने से घर में अन्न की कमी नहीं होती। साथ ही, यह स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन प्रदान करता है जो बदलते मौसम में शरीर को ऊर्जा और प्रतिरक्षा प्रदान करता है। इस मौके पर भगवान भूषण पंडित हर्षित शास्त्री महाराज ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राजौर, आयोग महासचिव विजेश रूपा ने उपस्थित हुए। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष मोनेश राठी महिला मंडल अध्यक्ष आशा खासरा एवं अन्य पदाधिकारी ने

ट्रैक्टर ट्रालियों की कतारें कन्नौद मार्ग तक पहुंचीं सचिव बोले अधिक आवक

डीआर संवाददाता»आष्टा

सीहोर जिले की आष्टा कृषि उपज मंडी में सोमवार को सीजन की सबसे अधिक आवक दर्ज की गई। कुल 25212 क्विंटल उपज मंडी खुली, जो इस सीजन की अब तक की सबसे अधिक आवक है।

मंडी में शनिवार और रविवार को छुट्टी था। दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह मंडी खुलते ही उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गईं।

आवक इतनी अधिक थी कि मंडी प्रांगण पूरी तरह भर गया। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रालियों को कन्नौद मार्ग पर खड़ा करना पड़ा। मंडी बोर्ड ने कृषि उपज मंडी के पीछे खाली भूमि का उपयोग भी ट्रालियों को खड़ा करने के लिए किया। सुबह 8 बजे से ही मंडी गेट के बाहर से कॉलोनी मौराहा तक ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतारें लग गई थीं। यातायात पुलिस ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रालियों को नियमानुसार मार्ग पर खड़ा करना पड़ा।

मंडी सचिव बोले- इस सीजन में सबसे अधिक आवक

कृषि उपज मंडी आष्टा के सचिव नरेंद्र सिंह विश्वास ने बताया कि इस सीजन में मंडी ने अधिक आवक हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और अधिक आवक होने पर ट्रैक्टर-ट्रालियों को मंडी के पीछे खड़ा कराया जा रहा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि पूरे महीने उपज की अच्छी आवक जारी रहेगी। इधर एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया है कि कन्नौद मार्ग पर सुचारू रूप से यातायात चले इसके लिए भोपाल नाके से मंडी गेट तक ट्रैफिक पुलिस के जवान की ड्यूटी लगाई गई।

स्टेडियम व खेल मैदान के लिए होगा आंदोलन: वैद्य

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर के युवाओं द्वारा लगातार यह मांग की जा रही है कि नगर में केवल दो खेल मैदान से एक नगर परिषद जावर के पीछे जहां पर अब गार्डन का निर्माण हो रहा है एवं दूसरा ग्राउंड जावर थाने के पीछे था लेकिन वहां पर भी पर्याप्त जगह नहीं है ऐसी स्थिति में जावर की होनहार एवं प्रतिभावान युवा पीढ़ी किस ने है कि आखिर खेल में रुचि रखने वाले युवा अब कहां पर जाएं।

क्योंकि वर्तमान में नगर में कहीं पर भी खेल ग्राउंड नहीं बचा है लगातार युवाओं के आग्रह पर पूर्व नगर अध्यक्ष शैलेश सुमार वैद्य ने संकल्पनी दी है कि यदि जल्द ही जावर नगर में स्टेडियम और खेल मैदान का निर्माण नहीं किया गया तो हम युवाओं के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे पूर्व नगर अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि आज जावर नगर के युवा जिला ही नहीं प्रदेश और देश में नाम रोशन कर सकते हैं परंतु उन्हें यदि अवसर प्रदान होगा तभी वह आगे बढ़ सकते है ऐसी स्थिति में यह हम सभी जिम्मेदार लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि इस मांग को आगे बढ़कर एवं मिलकर सुलझाया जाए नगर में प्लेग्राउंड बनाना हम सब की जिम्मेदारी है पूर्व नगर अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि हम जल्द ही इस संबंध में युवाओं के साथ मिलकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएंगे एवं जल्द ही इस संबंध में आंदोलन को लेकर ज्ञापन तैयार की जाएगी जिसकी समीक्षा जल्द ही मीडिया में भी किक्लेयर की जाएगी हम आग्रह करना चाहते हैं क्षेत्रीय सांसद, विधायक और सभी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से की युवाओं की इस मुख्य मांग पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

भंडारा हुआ गत दिवस दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्यामपुर स्थित आश्रम में

मासिक सतसंग भजन साधना व भंडारा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्यामपुर स्थित आश्रम में रविवार को आयोजित मासिक सत्संग भजन साधना व भंडारा कार्यक्रम के अवसर पर स्वामी महादेवानंद ने संगत के समक्ष विचार व्यक्त किए। बताया कि भारतवर्ष पर्वों का देश है। हाल ही में मनाये गए भारतीय पर्वों में जैसे छठ पूजा, देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह व गुरु पर्व श्रीगुरु नानक जयंती हो अथवा नवरात्रि, विजयदशमी दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा का देव दिवाली पर्व। आशुतोष महाराज के अनुसार पर्व कोई भी हो, उनमें अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा निहित है। इन सभी पर्वों को मनाने में निहित भाव यही है कि जैसी भी घोर अमावस्या क्यों न हो, जीवन की दुःखभरी कालरात्रि में ईश्वर का पदार्पण हो जाता है, तो हर अशुभ घड़ी शुभ में परिवर्तित हो जाती है। स्थानीय आश्रम शाखा श्यामपुर द्वारा राम भाग, बिलहरी, बैरागढ़ खुनान, रामपुर, बनुलिया एवं श्यामपुर नगर में भी भगवती व भारत माता की महिमा पर आधारित आध्यात्मिक जागरण के कार्यक्रम आयोजित किये गये। संस्थान के लिए यह गौरव का विषय है कि उत्तरप्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के आमंत्रण पर अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम में संस्थान के सेवा कर्मवीरों अर्थात एक जरूरत युवा जागृति अभियान द्वारा अपना सेवाओं आज हमारे सुपुर्द करे है। सत्र कक्ष पर सुंदर संगीत मुख्यमंत्र प्रस्तुति दी गई।

इस अनुपम अवसर पर जनमानस को देश की युवा शक्ति की आध्यात्मिक उर्जा, सांस्कृतिक चेतना और मर्यादित दी शासक सेम पर्यटकों की अनूठ प्रस्तुति देखने को मिली। सायंकाल एवं आरती के उपरांत सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में सहयोग हेतु सहयोगी बन्धुओं का स्वामी जी ने हृदय से धन्यवाद किया।

जेल में बंदियों को दिया गया प्रशिक्षण

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिला जेल सीहोर में न्यायालय विधिक सेवा सप्ताह के तहत कार्यशाला सह विधिक जागरूकता शिविर हुआ। आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देश पर हुआ। शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकार, पुनर्वास प्रक्रिया और निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही प्रकरणों की अद्यतन स्थिति बताई गई।

इस दौरान जेल में सिविल और राजीनामा योग्य मामलों के निपटारा के लिए नई पहल की गई।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 06 2080 | विदिशा, दिन मंगलवार ,दिनांक 11 नंबवर 2025

न्यूज गैलरी

पठारी पुलिस ने 15 साल की नाबालिग को खोजा

विदिशा। पठारी पुलिस ने 15 वर्षीय एक नाबालिग को खोज निकाला। 1 नवंबर को परिवारी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज बाजपेई के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने बालिका को पीथमपुर (इंदौर) से सकुशल बरामद कर उसके कथन दर्ज एवं परिजनों के सुपुर्द किया।

सांसद खेल महोत्सव में सेक्टर बार प्रतियोगिता

गुलाबगंज । सोमवार को ग्राम लखनगांव में सांसद खेल महोत्सव विधायक गुड्डेश टंडन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सेक्टर की ग्राम पंचायतों से आई टीमों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विधायक सहित सभी अतिथियों ने भाग लिया साथ ही रस्सा खींच, धम्मल दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं कराई गई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रजनी लोधी, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिंह जंग, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, जनपद सदस्य जगदीश दांगी, सचिन यादव, गजानन गेल सकेरा कटारे, ग्राम पंचायत लखनगांव के सरपंच, सचिव, शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीण आदि उपस्थित रहे। मौके पर ही विधायक ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

अधिक संख्या में ब्रेकर बन रहे हादसों का सबब

विदिशा। सर्पाकार ओवरब्रिजपर जगहों पर कार्य कर लगाए गए प्लास्टिक ब्रेकर अब सुरक्षा की बजाय दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। ये ब्रेकर लोगों की जान और जेब दोनों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं। ब्रिज पर लगभग 8 स्थानों पर प्लास्टिक ब्रेकर की चार-चार पट्टियां लगाई गई हैं। इन पर से गुजरने वाले वाहनों को झटके लगते हैं, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरा अनाज सड़क पर बिखर जाता है। किसानों को इससे आर्थिक नुकसान होता है, क्योंकि गेहूं, चना और मक्का जैसी फसलें अक्सर सड़क पर गिर जाती हैं। किसान हुकुम सिंह ने बताया कि कितनी भी धीरे से ट्रैक्टर निकालो, ट्रॉली से अनाज गिर जाता है। सभी पट्टा भी नहीं बनवाते और लगभग दो-तीन क्विंटल अनाज गिर जाता है, जिससे नुकसान होता है।

स्वतंत्रता सेनानी शर्मा की पुण्यतिथि आज

विदिशा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुधीर परम शर्मा की पुण्यतिथि आज 11 नवंबर को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। सेनानी ट्रस्ट की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आज शुक्र 8 बजे मालव उद्यान में पौधारोपण एवं स्मृति पट्टिका का अनावरण किया जाएगा। शुक्र 9 बजे हिंदी भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे गर्ल्स कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें सावंत शर्मा के व्यक्तित्व, कृतित्व और समकालीन व वर्तमान राजनीति पर अपने विचार रखेंगी। जानकारी ट्रस्ट के सचिव राम कृष्ण शर्मा ने दी।

निर्देश जारीरू शादी का रजिस्ट्रेशन अब अनिवार्य

विदिशा। देव उठनी एकादशी के साथ ही शादियों का दौर शुरू हो गया है। इसी के साथ शासन ने विवाहों के सभी सीसदी पंजीयन के निर्देश जारी किए हैं। यह योजना आर्थिक एवं सामाजिक विकास की पहल है।

सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन और विभागीय योजनाओं की समीक्षा

समीक्षा में बोले कलेक्टर: 100 दिन से अधिक कोई भी आवेदन लंबित न रहे

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को बैठक समाधान में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी आवेदन एल-1 स्तर पर ही समय सीमा में निराकृत हों, ताकि नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि समाधान ऑनलाइन में सामान्यतः 100 दिनों से अधिक के आवेदन शामिल होते हैं। जिले का लक्ष्य होना चाहिए कि ऐसा कोई भी आवेदन लंबित न रहे। बजाय एवं अवकाश दोनों स्थितियों में आवेदकों को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों और समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन आवेदन शामलों में विषय न्यायालय में लंबित है, उनका तकनीकी निराकरण हेल्पलाइन के माध्यम से संभव नहीं है। ऐसे में संबंधित अधिकारी आवेदक से सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करें, जिससे भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट उपलब्धता से जुड़े आवेदनों के आवेदकों को शीघ्र सूचना प्रदान की जाए, ताकि उनकी कार्यवाही समय पर पूरी हो सके। वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बाद संबंधित आवेदक को अवश्य सूचित करने पर भी जोर दिया।

विदिशा। बैठक के दौरान कलेक्टर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर

कलेक्टर ने पीएम पोषण योजना में उत्कृष्ट कार्य की सराहना की

कलेक्टर ने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए परियोजना अधिकारी श्रीमती कृति चौहान के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑन लाइन पोर्टिंग और क्रियान्वयन को तय पर अन्य विभाग भी गंभीरता एवं प्रभावी मॉडल अपनाएं, ताकि विदिशा जिले की उपलब्धियां सत्त-प्रतिशत ऑनलाइन परि कित हों।

हितग्राहीमूलक योजनाओं व खाद्यान्न उठाव की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने पोषणयोजनाओं और विशेष अभियानों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जोर दिया कि उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएमएवाय, सीएम राइज स्कूल, लखपति दीदी, गत-जल योजनाएं, पीएम जनमन, स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान पखवाड़ा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पंजीयन विभाग की राजस्व प्राप्ति समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त सीईओ जिपं पंकज जैन, संयुक्तकलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर आदि मौजूद रहे।

कृषि उपकरण, खाद-बीज उपलब्धता, ई-टोकन व्यवस्था की समीक्षा

कृषि विभाग समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने केज्ल मशीन, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर सहित अन्य कृषि यंत्रों की उपलब्धता, खाद-बीज की स्थिति तथा ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि ई-टोकन व्यवस्था का सफल संचालन विदिशा में सफल रहा है और घर-घर खाद वितरण सेवा जिले की विशेष उपलब्धि है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलके सभी वर्गों में उपकरणों के वितरण में पारदर्शिता एवं समानता बनाए रखी जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त सीईओ जिपं पंकज जैन, संयुक्तकलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर आदि मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर प्रशासन को चेताया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर में बढ़ती गंदगी, धूल-धूसरित वातावरण और नगरपालिका की लापरवाही को लेकर मंगलवार दोपहर कांग्रेसजनों ने नया परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाल नगाधर तिलक की प्रतिमा को साफ किया और तिलक चौक पर झाड़ू लगाकर प्रतीकात्मक रूप से नगर पालिका प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। विरोध का नेतृत्व कर रहे नेता प्रतिपक्ष आशीष नाटेश्वरी ने कहा कि नगर पालिका शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नागरिक धूल, कचरे और बदबू से परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बोहरा ने कहा कि विदिशा जैसा ऐतिहासिक शहर बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण अपनी सुंदरता खो रहा है। सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिनसे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वरिष्ठ नेता सुजीत देवलिया ने नगर पालिका पर आरोप लगाया कि उसके दावे केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि अधिकांश वार्डों में नियमित सफाई तक नहीं हो रही है। युवा कांग्रेस नेता अर्पित उपाध्याय ने युवाओं से स्वच्छ शहर अभियान को समर्थन देने की अपील की और आंदोलन को और व्यापक बनाने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी पार्षद भी मौजूद रहे।

जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मंत्री के समक्ष रखी मांग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने सोमवार को सिंचाई विभाग के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विदिशा, सारसेल और बासौदा विधानसभा क्षेत्रों की असंचित भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा विदिशा नगर के पेयजल संकट व हर वर्ष आने वाले बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए मकोड़िया बांध परियोजना को प्राथमिकता पर आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

मंत्री सिलावट ने स्पष्ट किया कि आपके द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर मकोड़िया बांध की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है और इसे मुख्यमंत्री की घोषणा में भी शामिल कर लिया गया है। मकोड़िया बांध के पूर्ण होने से क्षेत्र को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है। इससे सांची, विदिशा और बासौदा क्षेत्र की असंचित भूमि सिंचित होगी। विदिशा नगर के पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा। बाढ़ नियंत्रण तथा नदी तटों की सुरक्षा में मजबूती मिलेगी। किसानों और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। मंत्री सिलावट ने परियोजना को लेकर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया।

अस्पताल में अलग से शुरू होगा आधार केंद्र,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में नागरिक सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला चिकित्सालय परिसर में पृथक आधार केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। अब मरीजों और उनके परिजनों को आधार से संबंधित सुधार, अद्यतन या नया कार्ड बनवाने के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय प्रतिदिन हजारों

ऐसे में अस्पताल में आधार सुविधा उपलब्ध होने से आमजन को त्वरित लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र को शीघ्र शुरू करते हुए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित ऑपरेटर और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

इस पहल से न केवल नागरिकों को सहूलियत मिलेगी बल्कि अस्पताल में संचालित विभिन्न योजनाओं की आधार आधारित प्रक्रियाओं में भी तेजी आएगी। जिला प्रशासन का यह कदम सुविधा आधारित

जागरूकता शिविर लगा, बंदियों की सुनी समस्याएं

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

9 से 14 नवम्बर तक मनाए जा रहे न्यायालय विधिक सेवा सप्ताह के तहत सोमवार को जेल में विधिक जागरूकता शिविर एवं निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर, व्यवहार मजिस्ट्रेट सांवेडा मदकारेख, सीएल एवं विशेष कार्यपालिक एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान तोमर ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और सभी को न्याय के सम्मान अधिकार की जानकारी दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट मदकारिया ने डीसी रूम, स्पोर्ट्सपर व भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर स्वच्छ भोजन उपलब्धता सुनिश्चित की। सीएल एड कार्यालय ने अधिवक्ता नियुक्ति संबंधी स्थिति जानी और जरूरतमंद बंदियों को शासकीय अधिवक्ता दिलाने की सलाह दी। जेल अधीक्षक के अनुसार जेल में 223 पुरुष व 23 महिला बंदी हैं। शिविर में सभी को विधिक अधिकारों और निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी

एसआईआर बीएलओ, मतदाता सूची की कर रहे मैपिंग

विदिशा। मंगलवार से मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) शुरू हो गया है। बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। यह अभियान मतदाता सूची को अद्यतन करने और त्रुटियों को सुधारने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। जिले की पांचों विधानसभाओं में कुल 1347 पोलिंग बूथों के लिए 1347 कर्मचारियों की बीएलओ के तौर पर तैनाती की गई है

खोत की जुताई करते समय रोटावेटर मशीन में फंसे किसान के टकड़े

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

पुराने खेत जोत रही रोटावेटर मशीन में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। मशीन चालकर उसके शव को निकाला गया।

ये घटना सोमवार को जिले के सिरोंज के देवी टोरी गांव की है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस इस हादसे की जांच में जुट गई है।

सिरोंज टीआई विश्वदीप सैन ने बताया कि बबलू यादव (उम्र 30 वर्ष) ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। सोमवार को वह सोयाबीन प्रजाति के खेत में रोटावेटर से जोताई कर रहा था। ऐसा बताया जा रहा है कि इसी दौरान रोटावेटर में कोई कपड़ा फंस गया था। बबलू इसे निकालने की कोशिश कर रहा था, तभी उसके साथ हादसा हो गया।

रोटावेटर चालू होने के कारण बबलू उसकी घूमती हुई शाफ्ट में फंस गया और नीचे गिर गया। सदमे में उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर संचालक राजू ग्राम है, जिसे बबलू किराए पर लेकर खेत जोत रहा था।

शव को मशीन खोलकर निकाला

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बबलू का शव रोटावेटर की शाफ्ट में बुरी तरह फंसा हुआ था, जिसे मशीन खोलकर बाहर निकाला गया।

बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा

5 हजार से अधिक छात्रों व शिक्षकों को किया जागरुक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 1 से 30 नवंबर तक जिले में ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपहृत एवं गुमशुदा बच्चों की तलाश के साथ-साथ बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम एवं जन-जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना है। थाना पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न शिक्षालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ड्रग टच बैड टचर, साइबर सुरक्षा, अपराध तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को समझाया गया।

महिला प्रभार आरक्षक सुनीता राजपूत एवं आरक्षक मोहित गोस्वामी ने छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के साथ यह बताया कि कौन-सी स्थिति में सतर्क होना चाहिए और किस प्रकार तुरंत पुलिस परिजनों या शिक्षकों को जानकारी देना आवश्यक है। बच्चों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के उपाय, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग, तथा डायल 112 एवं महिला हेल्पलाइन 1090 जैसी जरूरी सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक फिल्में प्रदर्शित कर बाल सुरक्षा एवं अपराधों के व्यावहारिक पहलुओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय संचालक डी. कुशवाह दीक्षित, प्रधानाध्यापक शर्मा सहित शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। जिले में अब तक 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और नागरिकों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा चुका है।

रस्साकसी, कुर्सी दौड़ और नींबू चम्मच दौड़ का आयोजन हुआ

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव तहत सोमवार को गंजबासौदा ग्राम पंचायत में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता आयोजन में विधायक प्रीति राकेश शर्मा व पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया है। प्रतियोगिताओं में स्थानीय महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। रस्साकसी प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, नींबू चम्मच दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

हॉस्पिटल रोड पर गड्ढे, मरम्मत करने की मांग

पीपलखेड़ा। गांव की हॉस्पिटल रोड पूरी तरह से टूट चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। बारिश में सड़क कीचड़ और पानी से भर जाती है। चलना मुश्किल हो जाता है। दोपहिया और चारपहिया वाहन फंस जाते हैं। ग्रामीण राकेश चावड़ा ने बताया कि इस सड़क से रोज सैकड़ों लोग अस्पताल जाते हैं। इनमें मरीज, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे शामिल हैं। खराब सड़क के कारण एम्बुलेंस को अस्पताल पहुंचने में दिक्कत होती है। कई बार मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन ने अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षी 06 2080

राजगढ, दिन मंगलवार,दिनांक 11 नवंबर,2025

न्यूज गैलरी

सिविल अस्पताल में ईसीजी मशीन उपलब्ध कराने की मांग

सारंगपुर। जिला स्वास्थ्य विकास मंच के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी सेठ मुरारीलाल ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बघोरे एवं शासन सचिवालय सारंगपुर सिविल अस्पताल में ईसीजी मशीन सीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। शासन में उल्लेख किया गया कि सारंगपुर सिविल अस्पताल एक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्यरत है और इसमें 100 बिस्तरों की स्वीकृति है, किंतु वर्तमान में केवल एक डॉक्टर की नियुक्ति होने के बावजूद ईसीजी मशीन उपलब्ध नहीं है। जिससे ग्रामीण गरीबों को परेशानी झेलनी पड़ती है और उन्हें ईसीजी के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।

टीएल बैठक: सीएमएचओ और खिलचीपुर सीएमओ को नोटिस

राजगढ़। कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर हर सप्ताह आयोजित होने वाली टाइम लिमिट (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समय-सीमा प्रकरणों में खराब प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं खिलचीपुर नगर परिषद सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधीश द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समय सीमा में प्रकरणों का गंभीरता से अवलोकन कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में ई-ऑफिस, ई-वेबाईसी, अवमानना प्रकरण तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें।

कार एक्सेसरीज और टेंट हाउस की दुकान में लगी आग

ब्यावरा। जानकारी के अनुसार नगुमिलन जैकट के सामने जगदीश पालीवाल के मकान में हरिओम बांगी की कार एक्सेसरीज टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई जिसमें लाखों का सामान खाक होने की संभावना है। दमकल की गाड़ियां दो घंटे देरी से पहुंची जब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। सबर लिखे जाने तक किसी जनहानि की कोई खबर नहीं थी। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने के प्रयास किए, परन्तु दमकल की गाड़ी में पेट्रोल न आने के कारण भी स्थिति संभालने में दिक्कत आ रही थी।

जंगली सूअर के हमले में ग्रामीण गंभीर घायल, भोपाल किया रेफर

नरसिंहगढ़। जंगली सूअर के हमले में एक ग्रामीण बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। गिरनपुर निवासी हरिप्रसाद मीणा (70) पर सोमवार शाम करीब 6 बजे उनके खेत पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। उसने उनके हाथ और पैर को बुरी तरह से नोच दिया। चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने दौड़कर उन्हें बचाया। उन्हें इलाज के लिए महाराज गेहलाव चिकित्सा अस्पताल लाया गया।

नाबालिग पर सांड ने हमला कर किया घायल

ब्यावरा। शहर की विश्वनाथ कॉलोनी में स्कूल से अपने घर जा रहे 11 वर्षीय नाबालिग पर सांड ने हमला कर दिया। घायल अवस्था में परिजनों द्वारा नाबालिग को निजी स्कूल में भर्ती करवाया है।

अनदेखी विभिन्न वर्गों में पुरस्कार से नवाजे गए नगर के होनहार बच्चे

नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कैनवास पर उकेरी मन की कल्पना

ख्यात चित्रकार
सिंघानियाकलाकी की 32वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

नगर के सुप्रसिद्ध चित्रकार एवं ड्राइंग टीचर स्व. सिंघानिया सर की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय मीना सरस प्रचार समिति परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा पहली से पांचवीं, कक्षा छठवीं से आठवीं एवं कक्षा 9वीं से 12वीं के अलग-अलग वर्ग एवं विषयों पर आधारित थी।

प्रथम वर्ग में स्वैच्छिक विषय था वहीं कक्षा 6 से 8 के बच्चों को प्रकृति एवं पर्यावरण पर आधारित चित्र बनाने का विषय दिया गया। इसी तरह कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों ने विज्ञान एवं रूपरेखा भाषा विषय पर अपनी मन की कल्पनाओं के कैनवास पर उकेरा। इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न स्कूलों के 200 से अधिक बच्चे सम्मिलित हुए थे।

इन बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर, हुए पुरस्कृत

निर्णायक समिति के के चयन के आधार पर पहले वर्ग में वॉरियर कॉन्वेंट स्कूल की कालिका वैष्णवी अमरीश हाडपी प्रथम, पिंक लवपेटर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कॉर्क मेनोरियल स्कूल के छात्र हर्षित व्यास ने पाया। वहीं, वॉरियर कान्वेंट स्कूल के विमुल जाटव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रकृति एवं पर्यावरण विषय की पहली कैटेगरी में वॉरियर कान्वेंट स्कूल की विभिन्न वैष्णवी एवं किरण तंवर ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र प्रतीक नेगेड़े तृतीय स्थान पर रहे एवं स्वामी स्कूल की वेदा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विज्ञान एवं रूपरेखा भाषा कैटेगरी में स्वामी विवेकानंद स्कूल के तीन विद्यार्थियों विंका यादव, हर्षित व्यास एवं अनुज पाल सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। यहीं विंका खरवाडे को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

सांसद ने ख्यात चित्रकार के जीवन पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोड़मल नागर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, हेमराज कलौनी, प्रताप मंडलोई, चंद्रप्रकाश भार्गव, भागवत पालीवाल, अमित शर्मा, देवीसिंह सोलंकिया, कैलाश सोनी, मनोज शाह सहित अन्य ने मंचित चित्रकार स्व. प्रेम के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उनके द्वारा सन 1953 में अंकित पेंट से बनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पेंटिंग का अवलोकन सभी ने किया। अतिथियों ने कहा कि स्व. दादा द्वारा निर्मित महान कलाकृतियां वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का संचालन राकेश शर्मा ने किया आभार धनश्याम सामनानी ने माना। इस अवसर पर संदीप सोनी, आरती शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, जितेन्द्रनाथ सोनी, प्रदीप पंवार, हितेश विजयवर्गीय, सुरेश विजयवर्गीय, अशोक शर्मा, संजय गुप्ता, कैलाश सोन, इंद्रप्रकाश नारायण सावलानी, ओम मेवाड़े, जगदीश गौड़, इंदर सिंह गौड़, ओम शर्मा, मोहम्मद शकील गांगा, पप्पू मकवाना, महेश सोन, प्रांजल खुजनेरी, रघु भूषण, जय प्रकाश गौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा इकाई के कार्यकर्ताओं के संज्ञान में आया की सीएम राइज स्कूल के छात्र को 7 नवंबर को राजनीतिक विज्ञान विषय की परीक्षा देने से रोका गया। शिकायत प्राप्त होने पर दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य से छात्र को परीक्षा से वंचित रखने का कारण पूछने पर प्राचार्य सख्त-लहजे व्यवहार न अपनाते हुए कहा यहां हमारी व्यवस्था है। साथ ही उन्होंने धमकियां देते हुए कहा 20 वर्ष से यही पढ़ा रहा हूं यहीं पढ़ाऊंगा कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता जिसको शिकायत करना है करिए।

बात करने गए कार्यकर्ताओं से अभद्रता की गई और वापस नहीं बताया गया। पूछने पर प्राचार्य ने मंत्री हंदरसिंह परमार के साथ फोन किया है ऐसी धमकियां दी और उठकर बाहर चले गए। इस प्रकार दुर्व्यवहार और विद्यालय के तानाशाही रवैए पर असंतोषित होकर बड़ी संख्या में विद्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। विद्यालय में परीक्षा जारी थी तथा उसको बाधित न करते हुए तथा प्रशासन का सहयोग करते हुए अभाविप कार्यकर्ताओं ने परीक्षा परिसर से दूर मुख्य द्वार पर करीब दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। जिसके के बाद नायब तहसीलदार विनय रजक को माननीय जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें 3 दिवस में निलंबन की कार्यवाही की मांग की गई। नगर मंत्री राकेश सौंधिया ने बताया छात्र हित में अभाविप हमेशा से कार्यरत है। सीएम राइज प्रकरण में शासन से हमारी मांग है 3 दिवस में जांच के आधार पर दोषियों पर निलंबन की कार्यवाही की जाए। परिसर का वातावरण विद्यार्थियों के लिए अनुकूल रहे तथा विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसका ध्यान रखा जाना चाहिए सौंधिया ने कहा कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

पचोर नगर के प्रतिष्ठित आयोगीय सीबीएसई विद्यालय सरकार एकेडमी द्वारा 3 नवंबर को भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लगभग 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

विद्यालय प्रबंधन से दीपक गोयल एवं दिनेश गोयल ने इनका दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके पश्चात स्वयं भी बच्चों का मनोरंजक बढ़ाने के लिए बसों के दौरान प्रतिभाग साथ रहे। भ्रमण की संयुक्त योजना विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कोऑर्डिनेटर इरफान अहमद हाल बनाई गई थी तथा अनुशासन व्यवस्था का दायित्व कोऑर्डिनेटर कमलप्रीत के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने सफलतापूर्वक निभाया। इनका के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित पोपाल मॉल, लाईव हाउस, मन विहार एवं अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। शिक्षार्थियों ने न केवल वैज्ञानिक ज्ञान जानकारी संग्रहालय एवं गतिविधियों की जानकारी को अर्जित किया, बल्कि भोपाल के तालाब में बोटिंग का भी आनंद लिया। दिनभर के ज्ञानवर्धक भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों को भोपाल से ही सांस्कृतिक छवि मॉल करवाया गया। शिक्षा के नवीन आयामों को प्रत्यक्ष रूप से जानने और अनुभव करने का यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। रात्रि में प्रातः पुनः शर्मा सकुशल के राज्य पुनः पचोर लौट आया।

विद्यालय प्रबंधक पंकज गोयल एवं दिनेश शर्मा ने भ्रमण के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकों से परे इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यालय में निरंतर होते रहना चाहिए। सफलतापूर्वक आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए अभिभावक गणों ने संस्था के नवाचार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय

एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

डीआर संवाददाता ▶▶ कुरावर

नगर में सोमवार को सुबह 11 बजे कार्यालय सोलापुरी परिसर में चुनाव आयोग द्वारा नवीन मतदाता सूची के निमित्त भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक मोहन सभी ने मुख्यतर एवं क्षेत्रीय मंडल के सभी भाजपा नेता कार्यकर्ताओं व नियुक्त बीएलओ 2 को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के तहत मतदाता सूची में प्रशिक्षण की प्रक्रिया कैसे की जाती है। इसके बारे में बताया। वर्ष 2003 में जो मतदाता हमारी मतदाता सूची में था वर्तमान में उसके परिवारों के नाम उतर चुके हैं या नहीं शादी 2003 के मतदाता वर्तमान में हमारे इलाके में रह रहे है या नहीं इसका निरीक्षण मतदाता सूची को ठीक करना है साथी उन्होंने कहा कि कुरावर नगर परिषद नगर पालिका चलने की प्रक्रिया में है फिलहाल छोटी सी कुरावर का जिला की सरकार है सभी चुनाव की तैयारी करने के पहले अपने-अपने उस आधार को बढ़ाएं। वहीं उन्होंने विजयी विमान बढ़े हुए विधी में अपने सर चार्ज मार्क कर रहा है भाजपर योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर किसानों को मुआवजा राशि देने की बात कही थी वह राशि किसानों को मिली है। साथी हमने क्षेत्रीय क्षेत्रों में सुदूर सड़क प्रारंभ करने की बात से मुख्यमंत्री से कही है

जिपं अध्यक्ष, पूर्व विधायकों व अन्य ने कलेक्टर से की भेंट

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश सरकार ने हालिया तय किया है कि राज्य सरकार किसानों की फसलें खराब न खरीदते हुए यह जिम्मेदारी केंद्र सरकार या एफसीआई को सौंपी जाएगी। सरकार के इस निर्णय के विरोध में जिला किसान कांग्रेस ने अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए किसान विरोधी नीतियों की तीखी आलोचना की है। इस संबंध में जिला किसान कांग्रेस भगवान सिंह बागड़ी के नेतृत्व में इंसानों रहित कुर्सी द्वारा सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि सरकार का उक्त निर्णय प्रदेश के लाखों किसानों के साथ बड़ा धोखा है। चुनाव के समय भाजपा सरकार ने वादा किया था कि किसानों की फसल समर्थन मूल्य एमएसपी पर नहीं बल्कि उससे अधिक उसको ज्यादा कीमत में खरीदेंगे। लेकिन, सरकार ने अपने वादे से मुकर गई है ज्ञापन में यह रखी सरकार से मांग किसान कांग्रेस द्वारा की गई उक्त ज्ञापन में तीन सूत्रीय मुद्दों के साथ रखी गई है। पहली मांग है कि राज्य सरकार अपना निर्णय तुरंत बदले और किसानों की फसलें राज्य स्तर पर ही खरीदी जाए। अन्य मांगे में एमएसपी से नीचे किसी भी खेती पर उपज बेचने पर मजबूर न किया जाए एवं किसानों की आय मंडलाम व पंजीयन के लिए विशेष सहायता पैकेज जारी किया जाए। इस अवसर पर भगवान सिंह बागडी, पूर्व विधायक खेमसिंह सौंधिया, पूर्व विधायक आधुनिक तंवर रविंद्र अन्य उपस्थित थे।

टेंट हाउस और कार एसेसरीज की दुकान में लगी आग

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

शहर के मुल्तानपुरा में मनोज पालीवाल के मकान में संचालित टेंट हाउस और कार एसेसरीज की दुकान में रविवार शाम 6.15 बजे आग लग गई। परिवार ने जब धुआं उठता देखा तो तुरंत घर के बाहर निकल आए। जब मकान मालिक ने शटर खोली तो आग का भभका बाहर निकला और वह तुरंत पीछे हट गए। मुल्तानपुरा में मनोज पालीवाल का मकान है। यहां ऊपर की मंजिल पर वह अपनी पत्नी मोनिका पालीवाल और दो बच्चों के साथ रहते हैं। जबकि मकान के नीचे टीनशेड का पार्किंग बनाकर दी

दुकानें निवासी हुई हैं। आगे की दुकान भूरा गांव निवासी हरिओम बांगी को किराए पर दी हुई है, जिसमें वे कार एसेसरीज का काम करते हैं, जबकि पीछे मनोज पालीवाल का टेंट हाउस का गोदाम है। आग शाम 6.15 बजे टीनशेड के चारिशन के पास ही शुरुआत थी। आग लगने का कारण स्पष्ट तो तो नहीं है, लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी लगने के बाद एसडीओपी प्रकाश शर्मा, तहसीलदार

जागरूकता रैली एकता के भाव के साथ हर विधानसभा में निकलेगा यूनिटी मार्च, 13 तक आयोजन

सांसद ने प्रेसवार्ता में साझा की यूनिट मार्च संबंधी जानकारी

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को देश एक उत्सव के रूप में मना रहा है। इसी कड़ी में विगत दिनों जहां जिले भर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। वहीं अब भाजपा द्वारा सभी समाजों, प्रबुद्धजनों, आम नागरिकों को साथ लेकर जिले की पांचों विधानसभाओं में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक यूनिटी मार्च का आयोजन

किया जाएगा। इस संबंध में स्थानीय संस्कृति होटल में सोमवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने सरदार पटेल के जीवनवृत्त, सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए पूरे आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 565 रियासतों में बंटे भारत को लौह पुरुष पटेल ने अपनी बुद्धिमत्ता, व्यवहार, कार्यकुशलता इत्यादि के दम पर एकसूत्र में पिरोया। पार्टी विधानसभाओं में इस तरह निकालेगी यात्रा

प्रेसवार्ता में बताया गया कि 11 नवंबर को सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ की पहली यात्रा आयोजित होगी जो विभिन्न स्थलों से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सरदार पटेल चौक मंडी रोड़ पर संपन्न होगा। अगले दिवस 12 नवम्बर को खिलचीपुर जिले के गोपालपुर से प्रारंभ होकर आगर मालवा जिले के सोयत पहुंचेगी। 13 को राजगढ़ एवं ब्यावरा की यात्रा ब्यावरा के देवलचौरा से प्रारंभ होकर पुनसोदी, खिलचीपुर होकर करनावद (राजगढ़) में यात्रा का समापन होगा। प्रेसवार्ता में राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल डांगी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला पदाधिकारी देवीसिंह सौंधिया, पं. अमित शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज शाह, नगराध्यक्ष विनोद साहू उपस्थित थे।

तेज रफ्तार ट्रक के आगे कूदा युवक, पहिए उज्जैन रेफर

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

शहर के गुना रोड पर सोमवार सुबह 7. 30 बजे चांदा तिराहे पास हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक के आगे एक युवक कूद गया। ट्रक के पहिए की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया। जानकारी लगते ही देवास पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची। युवक की जेब आधार मिला है। आधार कार्ड में युवक की पहचान उज्जैन के आजाद गली नंबर 1 महिदपुर निवासी इमरान पुत्र आजाद शाह के रूप में हुई है। पुलिस की सूचना के बाद युवक के परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां युवक को इलाज के लिए उज्जैन ले गए। ट्रक से टकराने पर देवास पुलिस ने ट्रक क्रमांक एमएच 04 एफएच 6739 को देवास थाने में स्वतः लिया है। देवास थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि उज्जैन का युवक ब्यावरा कैसे आया, इसकी जानकारी नहीं है। ट्रक गुना की तरफ से ब्यावरा आ रहा था। युवक चांदा तिराहा के पास ट्रक के सामने कूद गया। गंभीर हालत में ब्यावरा से उपचार के बाद उज्जैन भेजा गया है।